# कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा

**मध्यावधि परीक्षा, सत्र- 2025-26**

**कक्षा: 7 , विषय: हिंदी**

**भाग -1 (साहित्य एवं व्याकरण), सेट-'बी'**

**दिन व दिनांक: गुरुवार-सितंबर 11, 2025**

**अधिकतम अंक: 40** **समय सीमा: 1 घंटा**

**नाम: ________________** **अनुक्रमांक: ________**

---

***सामान्य निर्देश -***

*i) इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ-7, प्रश्नों की संख्या-9 है|*

*ii) प्रश्न-1 के लिए 5 अंक , प्रश्न-2 के लिए 7 अंक , प्रश्न 3 के लिए 7 अंक, प्रश्न 4 के लिए 4 अंक , प्रश्न 5 के लिए 3 अंक ,प्रश्न 6 के लिए 6 अंक , प्रश्न 7 तथा 8 के लिए 3-3 अंक, प्रश्न 9 के लिए 2 अंक निर्धारित हैं |सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |*

*iii) प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए |*

**खंड 'क'- पठित काव्यांश एवं अपठित गद्यांश** **12**

**पठित काव्यांश** **5**

**प्रश्न1)** दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखें -

स्वर्ण - श्रृंखला के बंधन में
अपनी गति, उड़ान सब भूले,
बस सपनों में देख रहे हैं
तरु की फुनगी पर के झूले।
ऐसे थे अरमान कि उड़ते
नील गगन की सीमा पाने,
लाल किरण - सी चोंच खोल
चुगते तारक - अनार के दाने।

i) उपर्युक्त पद्यांश के पाठ का नाम बताएं। 1

(क) मिठाईवाला
(ख) हम पंछी उन्मुक्त गगन के
(ग) पापा खो गए
(घ) दोहे

ii) पिंजरे में बंद पक्षी क्या-क्या भूल जाते है? 1

(क) अपनी इच्छा

(ख) अपनी भूख

(ग) अपनी खुशी

(घ) अपनी गति, उड़ान

iii) पक्षी अब बस सपनों में क्या देखते हैं? 1

(क) हम पेड़ों की ऊँची टहनियों पर झूला झूल रहे हैं।

(ख) हम आसमान में उड़ रहे हैं।

(ग) हम आजाद हो गए हैं।

(घ) हम सोने के पिंजरे में रहेंगे |

iv) 'तरु' शब्द का क्या अर्थ है? 1

(क) घरातल

(ख) टहनी

(ग) पेड़

(घ) सरोवर

v) 'लाल किरण - सी चोंच खोल' से क्या तात्पर्य है? 1

(क) सूरज की किरणों के जैसी लाल चोंच को खोल कर

(ख) लाल किरण में पंख खोल कर

(ग) सूरज तक जाकर

(घ) उपर्युक्त सभी

## 'अपठित गद्यांश' (7अंक)

**प्रश्न2) दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न 1-3 के लिए उचित विकल्प चुनें तथा प्रश्न 4&5 का उत्तर लिखें -**

सहानुभूति एक ऐसा गुण है जो मनुष्य को दूसरों के दुख और कठिनाई को समझने की क्षमता देता है। इसका अर्थ केवल यह नहीं है कि हम किसी की परेशानी देखकर दुखी हो जाएँ, बल्कि यह कि हम यह महसूस करें कि यदि हम उसकी जगह होते, तो हमें कैसा लगता। जब हम इस भाव से किसी की मदद करते हैं, तो वही *सच्ची सहानुभूति* कहलाती है।आज के समय में, जहाँ हर व्यक्ति अपनी ज़िंदगी की भागदौड़ में व्यस्त है, वहाँ किसी के पास दूसरों के दुख-दर्द को सुनने और समझने का समय नहीं है। परंतु एक छोटा-सा सहारा,

कुछ सहानुभूतिपूर्ण शब्द, किसी के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। कई बार लोग शब्दों से नहीं, सिर्फ समझ और संवेदना से भी सुकून पा लेते हैं। सहानुभूति समाज को जोड़ती है, रिश्तों को मज़बूत बनाती है और एक-दूसरे के प्रति विश्वास पैदा करती है। यह केवल दया नहीं, बल्कि एक गहरी समझ है - जो हमें दूसरों की भावनाओं से जोड़ती है।

i) सहानुभूति का सही अर्थ क्या है? 1

क) दूसरों की आलोचना करना

ख) खुद की तारीफ करना

ग) दूसरों की भावनाओं को समझना

घ) गुस्सा दिखाना

ii) लेखक के अनुसार सहानुभूति से समाज में क्या बढ़ता है? 1

क) तनाव

ख) विश्वास

ग) प्रतिस्पर्धा

घ) निराशा

iii) **कथन** : आज के समय में सहानुभूति कम होती जा रही है| 1

**कारण** : लोग गरीब हो गए हैं|

**क) कथन सही है, पर कारण गलत है।**

**ख) कथन और कारण दोनों गलत हैं।**

**ग) कथन और कारण दोनों सही हैं |**

**घ) कथन गलत है, पर कारण सही है।**

iv) क्या आपने कभी किसी के साथ सहानुभूति दिखाई है या किसी ने आपके साथ सहानुभूति दिखाई है? उस अनुभव को साझा करें और बताएं उसने आपको क्या सिखाया ? 2

उत्तर ------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------

v) आप छोटे बच्चों में सहानुभूति की भावना कैसे विकसित कर सकते हैं? दो तरीके बताइए। 2

उत्तर ---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

## <u>खंड 'ख'- व्याकरण</u> 28 अंक

**प्रश्न3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए -** 1X7=7

i) भाषा के कितने भेद हैं? 1

क) 6

ख) 4

ग) 2

घ) 3

ii) प्रतिवर्ष 'विश्व हिंदी दिवस' कब मनाया जाता है? 1

क) 5 सितंबर को

ख) 24 दिसंबर को

ग) 14 सितंबर को

घ) 10 जनवरी को

iii) सर्वनाम शब्द का प्रयोग कहाँ होता है ? 1

क) पर्यायवाची के स्थान पर

ख) विलोम के स्थान पर

ग) संज्ञा के स्थान पर

घ) लिंग के स्थान पर

iv) कौन-सा सर्वनाम प्रश्न पूछने के लिए प्रयोग होता है?- 1

क) में

ख) मुझे

ग) क्या

घ) हम

v) 'जो बोएगा वो काटेगा |' इस वाक्य में सर्वनाम का कौन-सा भेद है? 1

क) निजवाचक सर्वनाम

ख) प्रश्नवाचक सर्वनाम

ग) पुरूषवाचक सर्वनाम

घ) संबंधवाचक सर्वनाम

vi) 'कोई इंतज़ार कर रहा है|', इस वाक्य में सर्वनाम शब्द कौन-सा है? 1

क) कोई

ख) इंतज़ार

ग) कर

घ) रहा

vii) 'यह काम मैं __________ कर लूँगा |"सही सर्वनाम से वाक्य पूरा कीजिए - 1

क)हम

ख) तुम से

ग) बढ़िया

घ) अपने-आप

प्रश्न4 शब्दों के उचित विलोम से मिलान कीजिए - (1X4=4)

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| I- उपयुक्त | i-विक्रय |
| ii- आदि | ii- अनुपयुक्त |
| iii- सौभाग्य | iii- अंत |
| iv- क्रय | iv- दुर्भाग्य |

प्रश्न5 दिए गए अनुच्छेद में से अनुस्वार, अनुनासिक एवं नुक्ता वाले दो-दो शब्द छांटकर लिखिए- (.5X6=3)

गाँव के घर में , एक शांत आँगन में माँ ने बच्चों को कहानी सुनाई; उनके पास खिलौने नहीं थे, लेकिन ज़िंदगी की खुशियाँ थीं । बच्चों की हँसी और खेल की आवाज़ ने उनके घर-संसार में हँसी- खुशी के रंग बिखेर दिए |

अनुस्वार-

___

अनुनासिक -

___

नुक्ता -

___

प्रश्न 6 निम्नलिखित वाक्य में से तीन संज्ञा शब्द ढूंढकर लिखिए एवं उनका वर्ण-विच्छेद भी कीजिए- (3+3=6)

श्याम अपने स्कूल की क्रिकेट टीम के साथ मैदान में खड़ा था। वह जीत की उम्मीद लिए बल्ला पकड़ रहा था|

1- संज्ञा शब्द___

वर्ण-विच्छेद___

2- संज्ञा शब्द___

वर्ण-विच्छेद___

3- संज्ञा शब्द___

वर्ण-विच्छेद___

प्रश्न 7 सही अथवा गलत लिखिए- (1X3=3)

i सम्मान प्रकट करने के लिए एक व्यक्ति के साथ भी बहुवचन प्रयोग होता है |

___

ii स्त्रीलिंग शब्दों से पुरुष जाति का बोध होता है |___

iii वचन तीन प्रकार के होते हैं | ______________________________

प्रश्न 8 निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशानुसार परिवर्तन करके वाक्य पुन: लिखिए- (1X3=3)

I अध्यापक विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं | (लिंग बदलकर)

______________________________________________

Ii सैनिक का प्राण निकल गया | (वचन के अनुसार)

______________________________________________

Iii लड़कियों का टीम खेलने को गया | (वचन बदलकर)

______________________________________________

प्रश्न-9 उचित कारक (परसर्ग) भरिए- (.5x4=2)

अमित________ अपनी माँ ______एक सुंदर उपहार दिया। यह उपहार माँ ________ खास था। माँ ने उपहार मेज ________ रखा था।